दिनांक-14.07.2021

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

कचांदूर कोविड केयर सेंटर में निर्मित हो रहा है उच्च क्षमता का ऑक्सीजन प्लांट , कम समय में बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर पूर्ण , निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने निरीक्षण कर लिया जायजा

भिलाईनगर / कचांदूर कोविड केयर सेंटर में ऑक्सीजन प्लांट तैयार किया जा रहा है , जिसका जायजा लेने आज निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी कचांदूर स्थित कोविड केयर सेंटर पहुंचे। ऑक्सीजन की भरपूर सप्लाई प्रदाय करने , ऑक्सीजन की कमी को दूर करने तथा कोविड की आगामी परिस्थितियों से निपटने के उद्देश्य से कलेक्टर डाॅ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे के निर्देश पर ऑक्सीजन प्लांट तैयार हो रहा है। बहुत ही कम समय में इसका बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनकर तैयार हो गया है। जिसमें ऑक्सीजन प्लांट के जरूरत के मुताबिक संसाधनों एवं उपकरणों को लगाने का कार्य प्रक्रियाधीन है। 960 एलपीएम का ऑक्सीजन प्लांट तैयार होने से बाहर से ऑक्सीजन सिलेंडर मंगाने की आवश्यकता कम हो जाएगी। कोरोना काल में यह बातें निकल कर सामने आई है कि कोरोना वायरस से ज्यादा तकलीफ सांस लेने में होती है , जिससे पीड़ित मरीज को जोखिम अधिक होता है। जान जाने का खतरा भी बना रहता है इन सभी कारणों से बेहतर ऑक्सीजन सप्लाई करने के लिये ऑक्सीजन प्लांट तैयार किया जा रहा है। ऑक्सीजन प्लांट स्वयं से 960 एलपीएम का ऑक्सीजन तैयार करके देगा। इसके सर्पोट एवं मेटेनेंस के लिए तथा पाईपलाइन कनेक्टिविटी के लिए अतिरिक्त कक्ष का निर्माण भी होगा। यह कंट्रोल पैनल एवं मेंनीफोल्ड कक्ष के समीप तैयार होगा। नोडल अधिकारी कचांदूर कोविड केयर सेंटर श्री अरूण वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कचांदूर में वर्तमान में 600 से अधिक ऑक्सीजन बेड की व्यवस्था है। कोविड संक्रमण के बढ़ते दौर में अधिक से अधिक मरीज यहां से स्वस्थ्य होकर घर की ओर लौटे है। कोविड से निपटने हर प्रकार की व्यवस्था कचांदूर में तैयार है आगे और इसे दुरुस्त किया जा रहा है। आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी लगातार यहां निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरूस्त कर रहे हैं। आज उन्होंने ऑक्सीजन प्लांट, लैब, कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्टाॅफ और अधिकारियों से कोविड की किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटने के लिये सभी उपकरणों को दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त सुनील अग्रहरि , जोन 02 आयुक्त पूजा पिल्ले , अकबर एवं कोविड केयर सेंटर के अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी